भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1459
दिनांक 11.02.2020

पश्चिमी बंगाल में बागवानी संस्थान

1459. डॉ. सुभाष सरकार:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पश्चिमी बंगाल में जंगल महल के किसी जिले (बांकुरा, पुरूलिया और झारग्राम) में एक बागवानी संस्थान स्थापित करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या मंत्रालय विश्वभारती विश्वविद्यालय, जो कि एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, के अंतर्गत एक बागवानी परिसर स्थापित करने पर विचार करेगा?

उत्तर

कृषि और किसान कल्याण मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) पश्चिम बंगाल के किसी भी जंगल महल जिले (बांकुरा, पुरूलिया और झारग्राम) में बागवानी संस्थान की स्थापना करने की कोई योजना नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता है।

(ग) इस विभाग के अधीन ऐसा कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****